## सार-संक्षेप

### भाजपाइयों ने टनल में फंसे श्रमिकों के लिए की प्रार्थना



कोरबा, 23 नवंबर (देशबन्धु)। उत्तरकाशी में निर्माणाधीन टनल के धंसकने के कारण के कारण कई मजदूर उसमें फंस गए हैं उनकी सुरक्षा के लिए भाजपा कोसाबाड़ी मंडल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने वन विभाग स्थित हनुमान मंदिर में जाकर दीप प्रज्वलित कर उनके जान की सुरक्षा और सलामत की मंगल कामना करते हुए पूजा अर्चना की। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री व पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा कि निश्चित तौर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विपरीत परिस्थितियों में भी लोगों की सहयोग करने के लिए हमेशा आगे रहती है। वसुधैव कुटुंबकम के साथ पूरा विश्व ही हमारा परिवार है। मानवता के प्रति सजगता के साथ लोगों का ध्यान रखते हुए सेवा भावना को आगे बढ़ा कर हम सबको साथ चलना चाहिए। निश्चित तौर पर टनल में फंसे सभी की सुरक्षा की सलामती की मंगल कामना करते हैं। कार्यक्रम में कोसाबाड़ी मंडल के अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, रामनारायण सोनी, श्रीमती मंजू सिंह, मनोरमा शर्मा, सुमन सोनी, प्रकाश अग्रवाल, लक्ष्मण श्रीवास, राम त्रिपाठी, चंदन सिंह, राजेश सोनी, राजेश राठौर, लालेश दुबे, पंकज देवांगन, चंदन मजूमदार, राम कल्याण, नवीन यादव, मोंटी पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### आधी रात घर में घुसा अहिराज, किया गया रेस्क्यू



कोरबा, 23 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के बालको क्षेत्र में ट्रेलर की चपेट में आ जानें से बाइक चालक बेलगरी बस्ती निवासी प्रदीप मसीह की मृत्यु हुए लगभग 24 घण्टे ही बीते थे। घर में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था जिसके कारण दूर-दूर से रिश्तेदारऔर मेहमान घर पहुंच रोते-बिलखते परिवार को सांत्वना दे रहे थे। तभी कहीं से अचानक मेहमानों के बीच एक अहिराज सर्प आ गया, मेहमान डर से यहां वहां भागने लगे, जैसे-तैसे घर वालों ने अपने पड़ोसी रविन्द्र साहू को उठाया और घर में सर्प के घुस जाने की उसे जानकारी दी। पड़ोसी रविन्द्र साहू ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दी। जितेंद्र सारथी ने सर्प का सुरक्षित तरीके से रेस्क्यु किया जिसके बाद घर वालों के साथ मेहमानों ने राहत भरी सांस लेते हुए जितेंद्र सारथी का धन्यवाद ज्ञापित किया। सर्प को बिना देरी किए जंगल में छोड़ दिया।

### केवी में राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन

कोरबा, 23 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 में राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य एस.के साहू ने रिबन काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उसके बाद वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अर्चना खरे ने संचालन किया। मुख्य अतिथि का स्वागत विज्ञान शिक्षिका मैरी पी मिंज ने पौधा भेंट कर गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को बताया कि हमारे दैनिक जीवन में हर क्रिया में विज्ञान जुड़ा होता है। उन्होंने बच्चों के मॉडल देखकर विस्तार से उसके बारे में जानकारी ली और उनका हौसला बढ़ाया। अगले चरण में प्रतिभाग के लिए उन्हें शुभकामनाएं भी दी। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के गणित और विज्ञान के अध्यापकों के मार्गदर्शन में बाल वैज्ञानिकों ने विभिन्न क्षेत्र में कारगर मॉडल बनाए जिनमे चुंबकीय रेल, चलित डस्टबिन, होलोग्राम, क्यूआर कोड, कृषि, जल शोधन और कई मॉडल बनाए। प्रदर्शनी के जज एस के चौधरी, के के मिश्र और श्रीमती ज्योति रानी थे। विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने इसका अवलोकन किया। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती अर्चना खरे द्वारा किया गया।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व सांसद डॉ. बंशीलाल



**कोरबा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता, सुविख्यात चिकित्सा विद एवं कोरबा लोकसभा से पूर्व सांसद रहे स्व. डॉ. बंशीलाल महतो की चतुर्थ पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं उनके साथ बिताए गए अपने अनुभवों को स्मरण किया।

भाजपा कार्यालय में आज पूर्व सांसद स्व. डॉ. बंशीलाल महतो की चतुर्थ पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, जिला उपाध्यक्ष डॉ.आलोक सिंह, जिला मंत्री संदीप सहगल, राजेंद्र राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, पवन सिन्हा, विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक राजेंद्र साहू, प्रकाश अग्रवाल, दीपक सिंह खड़ायत, नवदीप नंदा, अजय चंद्रा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, उपाध्यक्ष रंजू यादव, राम अवतार पटेल, भाजपा कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, दिनेश वैष्णव, राजेश सोनी, ईश्वर पटेल, चंदन सिंह, अनिल मिश्रा, केडी वैष्णव, सुदेश चंद्रा, गौरव मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 75 लाख नगद सहित 1800 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई- एसपी

### विधानसभा चुनाव के दौरान पुलिस ने चलाया था अभियान

**कोरबा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। इस बार के चुनाव में पुलिस सख्त नजर आई। यही वजह है कि पुलिस ने साल 2018 की तुलना में 75 गुना अधिक नगदी और सोने-चांदी के जेवरात जप्त किए है। वहीं 1801 बदमाशों पर कारवाई की गई। पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला ने प्रभार संभालते ही कोरबा, रामपुर, कटघोरा व पाली तानाखार में विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की बात कही थी। उन्होंने बैठक उपरांत असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगाम कसने के अलावा सघन जांच अभियान चलाने, कैश फ्लो रोकने वाहन जांच करने व क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश जारी किए थे।

आचार संहिता लगने के बाद से जांच अभियान शुरू हुई जो चारों विधानसभा क्षेत्र में चुनाव संपन्न होने तक जारी रही। इस दौरान दीपका, कुसमुंडा, कटघोरा, बांगो, उरगा, मानिकपुर, सीएसईबी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। यदि आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान महज एक लाख रूपए जप्त किए गए थे। यह आंकड़ा वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव में 75 गुना से अधिक जा पहुंचा। अलग अलग थाना क्षेत्र में दो पहिया, चार पहिया सवारों के अलावा पैदल जा रहे लोगों से 75 लाख रूपए नगदी बरामद किए गए। इसके अलावा 80 लाख रूपए से अधिक कीमती सोने-चांदी के जेवर जप्त हुए हैं। आचार संहिता लागू होने के बाद से ही पुलिस के अफसर व जवानों ने पूरी ताकत झोंक दी। वे लगातार क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते रहे। पुलिस होटल, ढाबों में तलाशी लेती रही। पुलिस की टीम मतदान के दिन भी सक्रिय रही। असामाजिक तत्व किसी तरह से उत्पात न मचा सकें इसके लिए अभियान के तहत वारंटियों के अलावा गुंडा, बदमाश, नशे की हालत में उपद्रव करने वालों के अलावा शांतिभंग होने के अंदेशे पर 1 हजार 801 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। 6 बदमाशों पर जिला बदर की कार्रवाई की गई।



इसी तरह विभिन्न थाना चौकियों में 270 लोगों ने अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए। वहीं अवैध रूप से चाकू सहित अन्य हथियार लेकर घूमने अथवा पास रखे होने की सूचना पर धरपकड़ गई। ऐसे 13 लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### नशे के विरूद्ध चलाया अभियान

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नशे के सौदागरों के के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस ने चुनाव संपन्न होने तक 1 हजार 94 लीटर शराब के अलावा तीन किलो गांजा बरामद किया है। वहीं भारी मात्रा में नशीली दवा भी जप्त किया गया। मामले में विभिन्न धाराओं के तहत आरोपियों को सलाखों के पीछे धकेला गया। परिणामस्वरूप मतदान के दिन भी बूथ और उसके आसपास नशेड़ी किस्म के लोग नजर नहीं आए।

# डायरेक्टर जनरल फारेस्ट व स्पेशल सेक्रेटरी पहुंचे गेवरा

### खदानों का निरीक्षण कर एसईसीएल के अधिकारियों की ली बैठक



**कोरबा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। डायरेक्टर जनरल फारेस्ट व स्पेशल सेक्रेटरी भारत सरकार चन्द्र प्रकाश गोयल एसईसीएल गेवरा मेगा प्रोजेक्ट पहुंचे। उनके साथ एसईसीएल के चेयरमैन सीआईएल पी.एम. प्रसाद तथा एस.पी. यादव, एडिशनल डायरेक्टर जनरल (एफसी) भी पहुंचे थे। एसईसीएल सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने उनका स्वागत किया। गेवरा हाउस में श्री गोयल ने समीक्षा बैठक ली।

डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेस्ट चंद्रप्रकाश गोयल और कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम. प्रसाद आज कोरबा-पश्चिम के गेवरा क्षेत्र पहुंचे। जब वे गेवरा स्टेडियम में हेलीकॉप्टर से उतरे तब गेवरा प्रबंधन ने उनका स्वागत किया। गेवरा स्टेडियम में हेलीपैड में एसईसीएल के सभी अधिकारी मौजूद रहे। वन महानिदेशक चंद्र प्रकाश गोयल और कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम. प्रसाद मेगा माइंस मीटिंग के बाद कुसमुंडा खदान का भी जायजा लिया। गेवरा परियोजना विस्तार को लेकर कोल इंडिया प्रबंधन गंभीर है। उत्पादन बढ़ाने के लिए जमीन अधिग्रहण की समस्या बनी हुई है, जिसके लिए आए दिन हड़ताल का सामना एसईसीएल प्रबंधन को करना पड़ता है। खदान प्रबंधन ने आला अधिकारियों की विजिट को लेकर अभी कुछ नहीं कहा है, लेकिन चर्चा है कि जमीन अधिग्रहण के मुद्दे पर उनका ध्यान केन्द्रित था।

### भविष्य में कई खदानों का विस्तार

मीडिया से चर्चा के दौरान श्री गोयल ने बताया कि एसईसीएल कोल इंडिया की एक अनुषांगिक कंपनी है जिसकी कई खदानें वन क्षेत्र में संचालित हो रही है। भविष्य में कई खदानों का विस्तार किया जाना है जिसकी जद में वन क्षेत्र आ रहे हैं। पर्यावरणीय स्वीकृति, बसाहट और मुआवजा में अंतर विवाद के कारण जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया लटकी हुई है जिनका समाधान करना प्राथमिकता में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गेवरा, कुसमुंडा और दीपका परियोजनाओं की लंबित जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# गेवरा खदान में ड्राइवरों के साथ मारपीट

### गेवरा क्षेत्र में नियोजित कंपनी केजे सिंह की घटना

**कोरबा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। गेवरा खदान क्षेत्र में नियोजित प्रायवेट कंपनी और ट्रक ड्राइवरों के बीच जैकेट व जूते पहनने की बात को लेकर जमकर मारपीट हुई। घटना के बाद आक्रोशित ड्राइवरों ने कंपनी के प्रबंधक के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

गेवरा क्षेत्र में नियोजित प्रायवेट कंपनी केजे सिंह के प्रबंधक गुरमीत सिंह द्वारा नामदेव चौहान, नंद कुमार बंजारे, सुरेंद्र साहू के साथ हेलमेट जैकेट नहीं पहने हो कह कर गुरमीत सिंह द्वारा मारपीट किया गया जबकि उक्त ड्राइवरों का कहना है कि हमारे गाड़ी कंपनी के अधिकारियों द्वारा बदलवाए गए थे व हमारे जैकेट-जूते गाडियों में थे जिसको हम गुरमीत सिंह को समझाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन उसके बावजूद भी गुरमीत सिंह द्वारा बगैर किसी बातचीत/समझाइश के हमारे साथ मारपीट की है है। उक्त घटना से आक्रोशित होकर ड्राइवरों ने एकजुट होकर काम बंद कर दिया। कंपनी से गुरमीत सिंह को निकलवाने व गुरमीत सिंह के खिलाफ आपराधिक मामला पंजीबद्ध करने की मांग कर रहे हैं। के जे सिंह कंपनी द्वारा पूर्व में भी ड्राइवरों के साथ प्रताड़ना व दबाव पूर्वक ड्यूटी करवाने की शिकायत मिलते रहे हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व भी एक ड्राइवर को दबाव डालकर ड्यूटी करवाने के दौरान मांगे जाने पर भी छुट्टी न देकर जबरदस्ती ड्यूटी करवाने के दौरान हृदयाघात से मौत का मामला उठा था जोकि कंपनी के प्रशासन पुलिस में पहुंच के कारण दबा दिया गया था। उस समय भी भारी हंगामा हुआ था एवं मृतकों के परिजनों ने भी कंपनी पर गंभी आरोप लगाए थे। पूरे मामले में पुलिस में शिकायत भी की गई थी जिसमें अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है।



# ग्यारस पर तुलसी संग ब्याहे गए शालिग्राम

### देवउठनी एकादशी पर बाजार में रौनक, प्रारंभ हुए शुभकार्य



**कोरबा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। देवउठनी एकादशी गुरूवार को ऊर्जाधानी में परंपरागत मनाया गया। हिन्दू धर्मावलंबियों ने घरों के आंगन में मां तुलसी के चौरे को सजाकर गन्ने का मंडप बनाया और शालिग्राम को विराजित कर विवाह की प्रतिकात्मक परंपरा को निभाया। शुभ कार्यों पर लगा विराम आज से हट गया है और अब शुभ मुहुर्त प्रारंभ होने के साथ ही शहनाईयों की गूंज भी सुनाई देने लगेगी। हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार चार माह पहले आषाढ़ शुक्ल एकादशी तिथि (देवशयनी एकादशी) पर भगवान विष्णु क्षीरसागर विश्राम करने चले जाते हैं। उस दिन से सभी तरह के शुभ मुहुर्तों पर रोक लगी थी। देव प्रबोधिनी एकादशी पर देवगणों के जागने की परंपरा निभाई गई। इस दिन से विवाह समेत सभी शुभ कार्यों की शुरूआत होगी। एकादशी तिथि पर भगवान शालिग्राम एवं तुलसी माता का घर-घर में विवाह किया गया। इसके बाद ही विवाह योग्य युवक-युवतियों के विवाह की शहनाई बजने लगेंगे। छत्तीसगढ़ में देवउठनी को जेठौनी के नाम से जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि जिस घर में तुलसी जी की पूजा होती है, उस घर में कभी भी धन-धान्य की कमी नहीं रहती। देवउठनी एकादशी की खरीदारी के लिए बाजार में काफी चहल-पहल और भीड़-भाड़ रही। एकादशी में गन्ना पूजा का विशेष महत्व रहता है जिसके लिए गन्ने की कीमत भी काफी तेज रही। बाजार में गन्ना 100 रुपए जोड़ा से लेकर 100 रुपए में 5-6 नग तक बेचा गया। पूजा में मौसमी फलों का भी विशेष महत्व रहता है जिसकी खरीदारी लोगों ने की।

## ओलंपिक्स सिर्फ खेल नहीं स्वस्थ जीवन शैली की प्रेरणा -डॉ. चंदानी

**कोरबा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। एक स्वस्थ जीवन शैली के लिए सभी को एक्टिव रहने की जरूरत है। इसी को ध्यान रखते हुए न्यू कोरबा हॉस्पिटल में 9वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता एनकेएच ओलंपिक्स का आयोजन 21 से 23 नवंबर तक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजित किया गया।

न्यू कोरबा हॉस्पिटल अपनी स्थापना की 9वीं वर्षगांठ मना रहा है। 25 नवंबर को वृंदावन गार्डन रजगामार रोड कोसाबाड़ी में स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एनकेएच ग्रुप और इसकी शाखाओं के द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें एनकेएच कोरबा, जमनीपाली, चांपा व बालको सहित एनकेएच मेडजोन, एडवांस डायग्नोस्टिक सेंटर (एडीसी) के स्टाफ अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। एनकेएच ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. एस चंदानी व डॉ. वंदना चंदानी भी विगत 10 वर्षों से अपने स्वास्थ के प्रति जागरूक हैं। वे अपने स्टाफ को भी स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करते हैं। हॉस्पिटल के मरीजों का ध्यान रखने के साथ-साथ सभी ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिता का आनंद लिया। प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल, खोखो, कैरम, चेस, बैडमिंटन, रंगोली, मेहंदी, म्यूजिकल चेयर, टग ऑफ वॉर जैसे खेलों में एनकेएच ग्रुप के स्टाफ ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खेल का रोमांच बरकरार रखा। खेल प्रतिभा को देखने बड़ी संख्या में खेलप्रेमी भी पहुंचे। वर्षगांठ पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में अस्पताल के स्टाफ नर्स से लेकर महिला कर्मचारी भी भाग ले रहे हैं। क्रिकेट प्रतियोगिता में एनकेएच मेडजोन की टीम को शिकस्त देकर एनकेएच की टीम ने खिताब जीता है। वहीं महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भी टीम ने जीत हासिल की।

### राजकुमार एमएसएमई के केन्द्रीय सदस्य नियुक्त

**कोरबा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। भारत सरकार द्वारा एमएसएमई प्रोमोशन कॉउन्सिल इंडिया के केन्द्रीय अध्यक्ष विजय कुमार द्वारा जिले के समाजसेवी लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल को एमएसएमई का केन्द्रीय सदस्य नियुक्त किया गया है।

पीएमजेएफ डॉ. राजकुमार अग्रवाल द्वारा पूर्व में कोरबा जिला सहित अन्य क्षेत्रों में चिकित्सकीय, पर्यावरण विकास, शिक्षा के क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य संपन्न कराये गये हैं, जिनके सेवाभावी उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुये पूर्व में भारत सरकार द्वारा पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल को जेम्स ऑफ इंडिया एवार्ड से भी सम्मानित किया गया था। पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल की इस नियुक्ति से पूरा कोरबा जिला गौरवान्वित है।

## मतगणना कराने अधिकारियों को दी गई जानकारी




**कोरबा,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत कोरबा जिले के अधिकारियों ने जांजगीर में मतगणना कराने की जानकारी हासिल की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (समस्त), मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, प्रत्येक विधानसभा हेतु मास्टर ट्रेनर्स एवं जिले के टेबुलेशन प्रभारी अधिकारी, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी, ईवीएम नोडल अधिकारी, सुरक्षा नोडल अधिकारी एवं प्रोग्रामर को नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर्स (एनएलएमटी) श्रीकांत वर्मा, उज्जवल पोरवाल एवं सहायक प्रोग्रामर भूपेन्द्र सिंह द्वारा आज जिला पंचायत जांजगीर के सभाकक्ष में मतगणना प्रशिक्षण दिया गया।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना कार्य 3 दिसम्बर 2023 को आईटी कॉलेज कोरबा में किया जाएगा। जांजगीर में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर्स (एन.एल.एम.टी.) द्वारा मतगणना के दौरान किए जाने वाले दायित्वों की विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया। मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान कौन-कौन सी जरूरी सावधानी बरती जानी है, इस जानकारी से अधिकारियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना के पूर्व तैयारी, मानव संसाधन व आवश्यक संसाधन की व्यवस्था, डाक मतपत्र की गणना, ईव्हीएम मशीन से मतगणना की व्यवस्था, मतगणना साफ्टवेयर, इंडेक्स कार्ड भरने की व्यवस्था, मतगणना केन्द्रों पर आधारभूत संरचना, मतगणना केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर जांजगीर ऋचा प्रकाश चौधरी, कोरबा से अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, प्रदीप साहू, सर्व रिटर्निंग अधिकारी, एआरओ, नोडल अधिकारी सहित मास्टर ट्रेनर डॉ एम एम जोशी एवम संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# विधिक जागरूकता शिविर में बच्चों को दी गई कानूनी शिक्षा



कोरबा, 23 नवंबर (देशबन्धु)। जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष डीएल कटकवार के निर्देश पर प्राधिकरण द्वारा निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई रिसदी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट विक्रम प्रताप चन्द्रा के द्वारा छात्र-छात्राओं को विधिक जानकारी दी गई।

इस अवसर पर न्यायाधीश श्री चन्द्रा ने बताया कि विधि के विपरीत कार्य करना अपराध होता है, चाहे वह जाने-अनजाने में क्यों न हो। विद्यालय में हम कोई भी नियम का उल्लंघन करते हैं तो हमें शिक्षक दण्ड देते हैं, उसी प्रकार विधि के विपरीत कोई कार्य यदि भूल से भी हो सकता हैं, हम यह नहीं कह सकते है कि हमें इसकी जानकारी नहीं थी। उनके द्वारा छात्राओं को गुड टच-बेड टच, बालको के लैंगिंग अपराधों के संरक्षण अधिनियम 2012 से संबंधित जानकारी देते हुये कहा गया कि जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है वे बालकों की श्रेणी में आते है। द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्ण कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि 16 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मोबाईल का सद्पयोग किया जाए। बिना पढ़े कोई भी मैसेज फारवर्ड न करें, गलत मैसेज फारवर्ड करने पर साइबर कानून के तहत अपराधिक मामला पंजीबद्ध किया जा सकता है। नशा करना, नशा का पदार्थ रखना सभी अपराध की श्रेणी में आता है। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य सीनियर सैनी मैरी, हीमा कैवर्त्य, बरनाली पॉल, रश्मि सिंह, रूचि मिश्रा, सबरीना राजुरकर, पीएलव्ही पीएल सोनी व अहमद खान आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर-एसपी ने आत्मानंद स्कूल निम्हा का किया औचक निरीक्षण

■ बच्चों के शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाओं के मद्देनजर जिला अधिकारियों को स्कूलों, आश्रम छात्रावासों के सतत निरीक्षण के निर्देश

## बच्चों से सीधे किया संवाद, अनुशासित होकर शिक्षा लेने की दी सीख

**अम्बिकापुर** 23 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने गुरुवार को लखनपुर विकासखंड अंतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल निम्हा का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण पर पहुंचे कलेक्टर-एसपी ने स्कूल का सघन निरीक्षण किया और शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी स्कूल प्राचार्य से ली। उन्होंने इस दौरान बच्चों से भी सीधे संवाद किया और उनकी आवश्यकताओं से रूबरू हुए।



कलेक्टर श्री कुन्दन और एसपी श्री सुनील ने खेल के मैदान में हायर सेकंडरी के छात्र छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को अनुशासन में रहकर शिक्षा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन में रहना बेहद जरूरी है। ये आगे के जीवन में आपका मददगार साबित होता है। इस दौरान बच्चों ने भी खुलकर अपनी बातें कलेक्टर-एसपी के समक्ष रखी। उन्होंने बच्चों को सभी सुविधाएं देने और स्कूल में जरूरी सुधार करने अधिकारियों एवं स्कूल प्राचार्य को निर्देशित किया है। उन्होंने स्कूली व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने आवश्यक सुधार कराए जाने की जानकारी संज्ञान में आने पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश स्कूल प्राचार्य को दिए। बता दें कि कलेक्टर श्री कुन्दन द्वारा सभी जिला अधिकारियों को छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाओं के मद्देनजर स्कूल, आश्रम छात्रावास, आंगनबाड़ी केंद्रों के सतत निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ उन्होंने जिले के समस्त सीएचसी एवं पीएचसी, संप्रेक्षण गृहों आदि के निरीक्षण कर भी रिपोर्ट प्रस्तुत करने अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# सार-संक्षेप

## धूम धाम से मनाया गया देवउठनी एकादशी का पर्व

मनेन्द्रगढ़ 23 नवंबर (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़ समेत आसपास के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में आज देवउठनी एकादशी के व्रत धूमधाम से मनाया जा रहा है. नगर के प्रमुख मंदिर श्री राम मंदिर में आज सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ इकट्ठा होने लगी. इस दौरान महिलाओं ने धूमधाम से भगवान श्री कृष्णा और तुलसी के विवाह का कार्यक्रम संपन्न करवाया. हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी मनाई जाती है। इस साल देवउठनी एकादशी का पर्व आज 23 नवंबर को मनाया जा रहा है। देवउठनी एकादशी को देव प्रबोधिनी एकादशी या देव उत्थान एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। पंडित रामचरित द्विवेदी ने बताया इस दिन जगत के पालनहार श्रीहरि विष्णु अपनी चार महीने की योग निद्रा से जागते हैं, इसलिए इस दिन इनकी विषेश पूजा की जाती है। यह एकादशी भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए बेहद उत्तम मानी जाती है। इस दिन जो भी भक्त भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए पूजा-पाठ के अलावा कुछ विशेष उपाय करता है, उसके सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है। साथ ही धन लाभ के भी योग बनने लगते हैं.

## तीन दिसंबर मतगणना तिथि को शुष्क दिवस घोषित, नहीं होगी शराब की बिक्री

**मनेन्द्रगढ़** 23 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा चुनाव को निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से मतगणना दिवस दिनांक 03 दिसम्बर 2023 को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले की सभी मदिरा दुकानें बंद रखने के आदेश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने दिए है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में विधानसभा निर्वाचन 2023 को सम्पन्न कराने हेतु जिले में अवस्थित कम्पोजिट मदिरा दुकान मनेन्द्रगढ़, झगराखांड़, खोंगापानी, विदेशी मदिरा दुकान मनेन्द्रगढ़, खोंगापानी तथा एफ.एल.4 (क) अनुज्ञप्ति क्लब ग्रीन पार्क, मनेन्द्रगढ़ को बंद रखने के लिए मतगणना तिथि दिनांक 03.12.2023 को सम्पूर्ण दिवस हेतु शुष्क दिवस घोषित किया हैं। उक्त अवधि में समस्त मदिरा दुकानों को पूर्णतः बंद रखे जाने का आदेश दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से किये जाने के निर्देश दिए हैं।.

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को अतिक्रमण रोकने दिए निर्देश

**अम्बिकापुर** 23 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में गुरुवार को एसडीएम अम्बिकापुर श्रीमती पूजा बंसल एवं नजूल अधिकारी श्री डीएस उईके द्वारा अम्बिकापुर एवं दरिमा क्षेत्र के समस्त राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की बैठक ली गई। एसडीएम अम्बिकापुर श्रीमती बंसल ने बताया कि बैठक में अम्बिकापुर एवं दरिमा क्षेत्र में अतिक्रमण एवं अवैध प्लॉटिंग को रोकने के लिए टीम के साथ कार्ययोजना बनाई गई है। इसके साथ ही सभी राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों को इसके संबंध में प्रभावी कार्यवाही करने भी निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि समस्त राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि अतिक्रमण के संबंध में जानकारी संज्ञान में आने पर संबंधित आरआई और पटवारी पर कार्रवाई भी की जा सकती है।

## नसबंदी पखवाड़ा के सारथी रथ को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**मनेन्द्रगढ़** 23 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देशानुसार बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ज़िले में किया जा रहा है ।इस बार पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन 21 नवंबर से 4 दिसंबर के बीच किया जाएगा ।पखवाड़ा के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु सारथी रथ को तैयार कर गुरुवार को कलेक्टर श्री दुग्गा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।परिवार नियोजन नोडल तथा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ एस एस सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ से सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया इस दौरान सुलेमान खान डीपीएम,राकेश वर्मा सीपीएम तथा सौमेन्द्र मण्डल नोडल रेडक्रास उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार यह रथ सभी विकासखंडों में प्रचार प्रसार करेगी ।पुरुष नसबंदी एनएसवीटी के लिये स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग रायपुर के द्वारा स्वस्थ माँ ,स्वस्थ बच्चा,जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा का थीम प्राप्त हुआ है ।इस पखवाड़े को सफल बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी खंड चिकित्सा अधिकारी,मेडिकल ऑफिसर, बीईटीओ, बीपीएम,ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सीएचओ को पखवाड़े के दिशा निर्देश के बारे में जानकारी दे दी गई है ।इस पखवाड़े में अधिक से अधिक संख्या में हितग्राहियों को ले कर आने एवं पखवाड़े का प्रचार प्रसार कर कैम्प का आयोजन अपने अपने विकास खंडों में किए जाने का निर्देश दिया गया है ।

## आयुष विभाग द्वारा आयुर्विद्या कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**बलरामपुर** 23 नवंबर (देशबन्धु)। आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद मिशन के अंतर्गत शासकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर में आयुर्विद्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर. के. सिंह आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर के द्वारा कक्षा 9वीं के छात्राओं को औषधीय पौधों के बारे में तथा आयुर्वेद के प्रति जागरूकता एवं समय-समय पर आयुर्वेद में प्रयोग होने वाले औषधी के बारे में बताया गया। साथ ही उन्होंने घरेलू चिकित्सा में कैसे आयुर्वेद को लाना है, जीवन शैली, योग प्राणायाम, शरीर को स्वस्थ रखना, आहार विधि, दिनचर्या, हस्त प्रक्षालन एवं स्वच्छता, क्रीमी जागरूकता, योग एवं स्वास्थ्य के बारे में बताया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. किरण के द्वारा योग प्राणायाम के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही उनके द्वारा छात्राओं को मासिक धर्म के समय कैसे स्वच्छता पर ध्यान देना है इस बात पर भी चर्चा किया गया कार्यक्रम में सभी छात्राओं को आयुर्वेद और औषधि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# डिप्टी कलेक्टर ने मतगणना स्थल में तैयारियों का लिया जायजा

■ मतगणना प्रशिक्षण से निर्वाचन परिणाम घोषणा प्रमाण-पत्र, इण्डेक्स कार्ड, रिटर्निंग अधिकारी रिपोर्ट जारी होने तक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

**अम्बिकापुर** 23 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु 17 नवम्बर को मतदान संपन्न होने के पश्चात 3 दिसम्बर को मतगणना होनी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतगणना कार्य हेतु आवश्यक तैयारियां जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतगणना हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं, जिसमें सरगुजा जिले हेतु उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री यू एस अग्रवाल एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री अर्चना पाण्डेय को मतगणना प्रशिक्षण से निर्वाचन परिणाम घोषणा प्रमाण-पत्र, इण्डेक्स कार्ड, रिटर्निंग अधिकारी रिपोर्ट जारी होने तक सम्पूर्ण प्रभार सौंपा गया है।



मतगणना सम्बन्धी आवश्यक तैयारियों हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री अर्चना पाण्डेय ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के रिटर्निंग ऑफिसर श्री टेकचंद अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर की रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती पूजा बंसल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के रिटर्निंग ऑफिसर श्री रवि राही के साथ मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना स्थल की जांच कर चेकलिस्ट के अनुसार व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अभ्यर्थी एवं अभिकर्ता हेतु प्रवेश, अधिकारी-कर्मचारियों के प्रवेश मार्ग, सामान्य प्रेक्षकों हेतु बैठक व्यवस्था, मीडिया हेतु बैठक व्यवस्था, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा समय-समय पर मतगणना सम्बन्धी घोषणा हेतु लाउडस्पीकर, सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन सहित अन्य तैयारियों का जायजा करते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का अवलोकन कर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से की जा रही निगरानी की भी जांच की।

# कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

## मतगणना तैयारियों की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**बलरामपुर** 23 नवंबर (देशबन्धु)। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विहित नियमों का पालन करते हुए मतगणना कार्य सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही कलेक्टर ने धान खरीदी की समितिवार समीक्षा कर संबंधित विभागों और समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि धान खरीदी कार्य को प्राथमिकता और सजगता से संपादित करें।



आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने मतगणना कार्य हेतु आधारभूत संरचना, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना हेतु सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, व्हीव्हीपैट स्लीप गणना, मतगणना की समाप्ति के पश्चात ईवीएम तथा निर्वाचन सामग्रियों को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में की जा रही तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव ने प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान कौन-कौन सी जरूरी सावधानी बरती जानी है एवं इस दौरान कौन-सी प्रारूप में आवश्यक प्रतिपूर्ति की जानी है इस संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि विधानसभा वार टेबल में मतों की गणना की जाएगी। प्रत्येक टेबल में एक सुपरवाइजर जो राजपत्रित अधिकारी रैंक का होगा तथा एक गणना सहायक होंगे। प्रत्येक टेबल में माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए जाएंगे। मतगणना कर्मचारियों की नियुक्ति तीन बार रेण्डमाईजेशन के पश्चात किया जाएगा। पहली रेण्डमाईजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में तथा दूसरा व तीसरा रेण्डमाईजेशन आब्जर्वर की मौजूदगी में किया जाएगा। साथ ही उन्होंने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए काटे गये टोकन, कुल खरीदी और बारदाने की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को खरीदी से जुड़ी किसी तरह की समस्या या असुविधा ना हो, आप सभी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

# ग्राहक सेवा केंद्र से चोरों ने नगदी समेत कम्प्यूटर सेट व सामान किया पार

**रायगढ़** 23 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राहक सेवा केंद्र में चोरों ने धावा बोलते हुए इलेक्ट्रॉनिक सामान और कैश समेत हजारों का माल पार कर दिया, चोरी की यह वारदात लैलूंगा थाना क्षेत्र की है, पुलिस से जानकारी के अनुसार ग्राम रेगड़ी निवासी विनोद चैहान वल्द गोवर्धन लाल तुर्री पारा रोड किनारे ग्राहक सेवा केंद्र संचालित करता है।



गोवर्धन ने अपनी पिता के बीमार होने पर कुछ दिनों से ग्राहक सेवा केंद्र को बन्द कर रखा था,इसका फायदा उठाते हुए अज्ञात तत्वों ने रात के अंधेरे में ग्राहक सेवा केंद्र के पीछे दरवाजे को तोडकर भीतर दाखिल हुए और कम्प्यूटर सेट, सीलिंग पंखे, एटीएम स्वीप मशीन तथा गल्ले में रखे 10 हजार रुपए नगद पर भी हाथ साफ कर दिया। सुबह रामलाल बंसोड़ ने ग्राहक सेवा केंद्र से संदिग्ध परिस्थितियों से सामानों को गायब देख दुकानदार को फोन कर घटना की सूचना दी तब कहीं जाकर विनोद को चोरी का पता चला,विनोद ने कोटवार हेमसागर चैहान और अन्य लोगों के साथ मौके का जायजा लेते हुए अपने स्तर पर खोजबीन भी की। मगर न चोर मिला और न ही चोरी हुई सामानों की जानकारी मिली तो ऐसे में थक हारकर अब उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, फिलहाल लैलूंगा पुलिस भादंवि की धारा 457, 380 के तहत मुकदमा पंजीबद्ध करते हुए संदिग्धों से भी पूछताछ कर रही है।

# चोरी की स्कूटी बेचने की फिराक में घूम रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़** 23 नवंबर (देशबन्धु)। चोरी की स्कूटी को बेचने की फिराक में घूम रहे दो आरोपियों को कल दोपहर हेमू कालाणी चैक के पास चक्रधरनगर पुलिस द्वारा वाहनों की जांच के दौरान पकड़ा गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर थाना प्रभारियों द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लागने मुखबिर तैनात किया गया है। इसी क्रम में आज दोपहर चक्रधरनगर थाने के स्टाफ एवं यातायात पुलिस द्वारा हेमू कालाणी चैक के पास वाहनों की जांच कार्रवाई की जा रही थी।

इसी दरमियान थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर को क्षेत्र में दो संदिग्ध युवक एक काले रंग की स्कूटी बेचने के लिए कुछ लोगों से चर्चा करने के संबंध में सूचना मिली। थाना प्रभारी द्वारा पेट्रोलिंग एवं चैक पर वाहन जांच कर रहे स्टाफ को एक स्कूटी में घूम रहे दो संदिग्ध युवकों पर नजर रखने निर्देशित किया गया। हेमू कालाणी चैक पर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा काले रंग के स्कूटी में घूम रहे दो संदिग्ध लड़कों को रोका गया।

दोनों युवक- शेर सिंह उर्फ बब्लू निवासी ग्राम बोंदा थाना सरिया एवं दीपक चैहान निवासी लाखे नगर रायपुर से पूछताछ कर स्कूटी के कागजात दिखाने को कहने पर दोनों कागज नहीं होना बताये। दोनों लड़कों पर संदेह होने से चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरटीओ रायपुर से वाहन के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया, स्कूटी के अन्य व्यक्ति के होने की जानकारी मिली।

# कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

■ शासन के निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप किसानों से धान खरीदी करने के दिये निर्देश

**बलरामपुर** 23 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का धान खरीदी के सुचारू संचालन का जायजा लेने विकासखण्ड बलरामपुर के धान खरीदी केन्द्र बरदर पहुंचे। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं, खरीदी पंजी तथा ऑफलाइन एवं ऑनलाइन काटे गये टोकन की सघनता से जांच की। कलेक्टर ने उपस्थित संबंधित नोडल अधिकारी को उपार्जन केन्द्र में बेहतर और सुचारू व्यवस्था बनाएं रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसका ध्यान रखें। कलेक्टर श्री एक्का ने धान की गुणवत्ता का अवलोकन किया और नमी मापक यंत्र से धान की नमी की जांच भी की। उन्होंने शासन के नियमानुसार धान खरीदी के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने खरीदी केन्द्र में किये गये आवश्यक व्यवस्थाओं, पंजीकृत किसानों की संख्या तथा फड़ की व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने समिति प्रबंधक से बारदाने, कांटा-बाट, कम्प्यूटर, नमी मापक यंत्र सहित सभी आवश्यक सामग्री के सत्यापन के संबंध में भी जानकारी ली तथा उचित रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने धान के अवैध परिवहन और भंडारण तथा कोचियों-विचौलियों पर नियंत्रण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



## जिले में अब तक 1037.20 क्विंटल धान की खरीदी

खरीफ विपणन वर्ष 223-24 में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 नवम्बर 223 से प्रारंभ हो गया है। किसानों से धान की खरीदी करने के लिए 37 सहकारी समितियों के अंतर्गत 49 धान उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। चालू सीजन में धान बेचने के लिए 48259 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इसी तारतम्य में जिले में अब तक 5 समितियों में 18 किसानों से कुल 137.2 क्विंटल धान की खरीदी की गई है, जिसमें धान खरीदी केन्द्र चान्दो में 4 क्विंटल, जमड़ी में 14.8, बरदर में 624.8, बरियों में 119.2 तथा विजयनगर में 148.4 क्विंटल धान किसानों से खरीदी की गयी है।

# राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ शक्ति कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

**सूरजपुर** 23 नवंबर (देशबन्धु)। गायत्री शक्तिपीठ सूरजपुर में अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा होने वाले 108 कुण्डीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ के लिए शक्ति कलश यात्रा गायत्री मंदिर से प्रारंभ हुई जो सूरजपुर, कोरिया व सरगुजा जिले में गांव-गांव भृमण कर राष्ट्र जागरण अभियान का अलख जगायेगी तथा जगह-जगह गायत्री परिवार के द्वारा शक्ति कलश यात्रा का अभिनंदन किया जायेगा। इस संबंध में गायत्री परिवार के मुखिया भोला प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि नारी सशक्तिकरण वर्ष 2023-24 व राष्ट्र जागरण अभियान के तहत 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ सूरजपुर में पहली बार 28 से 31 दिसम्बर तक आयोजित होगा। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री महायज्ञ के उक्त चार दिवसीय आयोजन में 28 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक विविध कार्यक्रम संपन्न होने के साथ गुरूदीक्षा, पुंसवन, मुण्डन, विद्यारंभ, नामकरण, विवाह इत्यादि निश्शुल्क होंगे तथा इनके पंजीयन प्रारंभ हो गये हैं। 28 दिसम्बर को सतगुरू ज्ञान गंगा सदग्रंथ शोभायात्रा व मंगल कलश यात्रा के साथ प्रज्ञा पुराण कथा प्रारंभ होगी। दूसरे दिन ध्यान साधना व प्रज्ञा योग व्यायाम, देव पूजन, गायत्री महायज्ञ, कार्यकर्ता गोष्ठी, प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जायेगा। तीसरे दिन ध्यान साधना व व्यायाम के साथ संस्कार परंपरा, पखर प्रज्ञा, सजल श्रद्धा का अनावरण व उद्बोधन, संगठनात्मक स्वरूप, सप्त आंदोलन, दीप महायज्ञ के साथ महायज्ञ के चौथे व अंतिम दिन युग तीर्थ शांतिकुंज के तहत महायज्ञ व विभिन्न संस्कार, पूर्णाहुति के साथ वंदनीया माता जी की जन्म शताब्दी के न्यूनतम संकल्प में साधना, ज्ञान घट, अंश दान, प्रशिक्षित समय दानी, युग साहित्य प्रचार का संकल्प एवं टोली विदाई होगी। गायत्री महायज्ञ की तैयारियों व व्यवस्थाओं का जायजा एवं समीक्षा करने शांतिकुंज हरिद्वार के साथ छत्तीसगढ़ जोन के प्रमुखों ने सूरजपुर पहुंच समस्त व्यवस्थाओं व आयोजन पर गोष्ठी के रूप में जानकारी ली व आवश्यक सुझाव दिए। वहीं हरी झण्डी दिखाकर अमृत शक्ति कलश यात्रा को भी रवाना किया। जिसमें शांतिकुंज के प्रतिनिधि सुखदेव निर्मलकर, छत्तीसगढ़ की जोन प्रभारी श्रीमती आदर्श वर्मा, सरगुजा प्रभारी एसजी द्विवेदी, युवा प्रकोष्ठ जशपुर के बीआर चौहान, अम्बिकापुर से श्रीमती शशि दीदी, शिवनारायण कुशवाहा सवारावां के साथ भोला प्रसाद अग्रवाल, शिवशंकर कुशवाहा, शिवशंकर साहू, विमल रजक, अनु कांडे, डॉ.स्वर्णा शर्मा, अजय अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अवधेश गोयल, सुशील निगम, लोचन प्रसाद गुप्ता, त्योआत्मा राजवाड़े, कपूरचंद गुप्ता, राकेश कुशवाहा, शोभनाथ कुशवाहा, रामदेव सिंह, प्रदीप द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के अनुयायी व सरगुजा अंचल के समस्त गायत्री परिवार के प्रमुख उपस्थित थे।




## देव संस्कृति विश्वविद्यालय प्रमुख डॉ.पांड्या का होगा आगमन

राष्ट्र जागरण अभीयान 18 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज के कुलपति तथा प्रखर प्रज्ञा, सजल श्रद्धा डॉ. चिन्मय पंड्या का भी आगमन विशेष रूप से सूरजपुर में होगा। जिनका 3 दिसम्बर को उद्बोधन के साथ विभिन्न पहलुओं व विषयों पर महायज्ञ में उनके विचार से लोग अवगत होंगे। इसके साथ ही नारियों जागो स्वयं को पहचानों, यज्ञ का ज्ञान विज्ञान, राष्ट्र समर्थ और सशक्त कैसे बने इत्यादि विषयों पर भी विस्तृत व्याख्यान महायज्ञ में होंगे। डॉ.चिन्मय पंड्या के आगमन को लेकर गायत्री परिवार के अनुयायी उत्साहित व हर्षित भी हैं।

# गन्ने के मंडप में वैदिक रीति से तुलसी व शालिग्राम का रचाया ब्याह

## आज भगवान विष्णु के जागने के बाद मांगलिक कार्य होंगे शुरू

जांजगीर, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। देवउठनी एकादशी पर गुरुवार को गन्ने के मंडप में वैदिक रीति से तुलसी व शालिग्राम का ब्याह रचाया गया। चार माह की निद्रा से भगवान विष्णु के जागने के बाद मांगलिक कार्य शुरू होंगे। देवउठनी पर्व को लेकर बाजार में दिन भर गहमा-गहमी रही।

सभी एकादशी में श्रेष्ठ देवउठनी एकादशी पर सुबह से ही महिलाएं पूजा की तैयारी में जुट गई थीं। घरों के सामने रंगोली सजाई गई। रात में आटे से चौक बनाकर गन्ने व केले का मंडप तैयार किया गया। इसमें भगवान शालिग्राम व तुलसी को स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना



की गई। साथ ही तेल व हल्दी लगाकर पंडितों ने साखोचार पढ़ा।

वैदिक रीति से पूजा के बाद परिजनों व पड़ोसियों को प्रसाद के रुप में गन्ना, सिंघाड़ा, शकरकंद, केला व मिठाइयां बांटी गई। मान्यता अनुसार इस दिन चार माह की निद्रा के बाद भगवान विष्णु के जागने के साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरूआत होती है। पर्व के दो दिन पहले से कचहरी चौक जांजगीर के सामने, चांपा के श्री कृष्ण गौशाला सहित अन्य जगहों में गन्ने का बाजार सज गया था। इस दौरान गन्ना की खूब बिक्री हुई। इसके अलावा राछाभांठा, कटौद और नेगुरडीह से भी व्यापारी बिक्री के लिए गन्ना लेकर पहुंचे है। वहीं एक नग गन्ना 30 से 50 रुपए नग में बिका, अंबिकापुर के अलावा स्थानीय गन्ने की भी खूब बिक्री हुई।

## पटाखों की रही धूम

छोटी दीपावली के रुप में मनाई जाने वाली देवउठनी एकादशी की शाम देवताओं व गन्ने की पूजा-अर्चना के बाद बच्चों ने आतिशबाजी की। छोटे बच्चों ने जहां फूलझड़ी, अनार, लाइट जलाया। वहीं युवाओं ने बम पटाखे फोड़े।

# छोटे कटेकोनी सेवा सहकारी समिति की यूरिया घोटाला पर अब तक नही की गई कार्रवाई

## किसानों के नाम से फर्जी यूरिया खाद वितरण का मामला लाखों रूपयों की गड़बड़ी

डभरा, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित बिलासपुर के शाखा डभरा के अंतर्गत संचालित सेवा सहकारी समिति छोटे कटेकोनी के कर्मचारी नंदराम बरेठ कंप्यूटर ऑपरेटर के द्वारा जबरन गांव की किसानों की नाम पर फर्जी तरीके से यूरिया खाद वितरण कर राशि हड़पने का आरोप है । जिसकी शिकायत ग्रामीण किसानों द्वारा 6 अक्टूबर को उप पंजीयक सहकारी संस्था जांजगीर के पास लिखित में आवेदन देकर निष्पक्ष जांच करने की मांग कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा 400 बोरी यूरिया खाद का फर्जी खाद वितरण कर लाखों रुपयों राशि की गबन किया है, जब से कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नियुक्त हुआ है




### कंप्यूटर ऑपरेटर को दो बार नोटिस दे चुके

वही उर्वरक निरीक्षक डभरा राजेन्द्र पटेल ने बताया कि खाद वितरण को लेकर 24 अगस्त 223 को लिखित रूप में दो बार गड़बड़ी के जवाब के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर को दो बार नोटिस दे चुके हैं ।इसके बाद भी आज तक कोई जवाब नहीं दिया गया है । उच्च अधिकारियो को अवगत कराया जा चुका है ।

। तब से सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी हो या खाद वितरण सभी में किसानों के नाम पर फर्जी कर्ज चढ़ा कर राशि का हेरा फेरी करने का मामला सामने आ चुका है इसके बाद विभागीय अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इसी साल में कंप्यूटर ऑपरेटर नंदराम बरेठ के द्वारा यूरिया डीएपी खाद्य वितरण में लगभग 6 लाख रूपये से अधिक राशि की गड़बड़ी का आरोप है। सेवा सहकारी समिति छोटे कटेकोनी के किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल पाया है । बल्कि किसानों के नाम पर फर्जी खाद वितरण कर लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा कर राशि हड़प लिया गया है। विभागीय अधिकारी शिकायत के बाद जांच पर जांच एवं नोटिस पर नोटिस दे रहे हैं मगर करवाई करने में उनके हाथ पांव फूल रहे। जबकि अपने पत्नी सरोज बरेठ अपने भतीजा अनिल कुमार बरेठ अपने भाभी प्रेमबाई के नाम से 50-50 बोरी युरिया पौस मशीन में चढ़ा दिया गया है। किसान के द्वारा 16 बोरी डीएपी गोरेलाल चंद्रा के खाते में कर्ज चढ़ा दिया गया है। जबकि शाखा प्रबंधक डभरा से पूछने पर कोई जवाब नहीं मिला। 11 सितंबर को प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति मार्या छोटे कटेकोनी पहुंचकर देवचंद बघेल सीईओ सहकारी द्वारा फर्जी खाद वितरण गड़बड़ी की जांच किया गया। दो दिनो तक जांच करने के बाद भी आज तक जांच प्रतिवेदन शिकायतकर्ताओं को नहीं दिया गया है। कंप्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई है जबकि कार्यवाही को लेकर 25 अक्टूबर को जांच के बाद कार्यवाही के लिए लिखित नोटिस भेजा गया इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है ।

# सैंपल रिपोर्ट आते ही बाजारों में खप चुकी होती है अमानक खाद-बीज और कीटनाशक

जांजगीर, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। बाजारों में अमानक खाद और कीटनाशक धड़ल्ले से बिक रही है। सैंपल लेकर जांच में इसका खुलासा भी हो रहा है लेकिन इससे किसानों को किसी तरह फायदा होता नजर नहीं आ रहा। क्योंकि जब तक सैंपलों की रिपोर्ट आती है जब तक अमानक खाद, बीज और कीटनाशक दवा तो बाजार में खप चुकी होती है।




किसान उसे खरीदकर उपयोग भी कर चुके होते हैं। इधर कार्रवाई के नाम पर विभाग यह दलील देता है कि अमानक निकले खाद, बीज और कीटनाशक दवाओं की बिक्री पर हमने प्रतिबंध लगा दिया है। मगर अधिकांश मामलों में प्रतिबंध लगाए गए अमानक खाद, बीज और कीटनाशक तो खप चुके होते हैं। गौरतलब है कि खरीफ सीजन 2022-23 में कृषि विभाग के द्वारा जिलेभर में निजी खाद-बीज उर्वरक और सोसायटियों में जांच अभियान चलाकर सैंपल लेने की कार्रवाई की गई। इनमें बीज का 115 सैंपल लिए गए। इनमें से एक बीज का सैंपल जांच में अमानक निकला। जो सेवा सहकारी समिति खैजा का था। लेकिन तब तक इसकी रिपोर्ट आई, यह बीज किसानों को दिया जा चुका था। इसी तरह उर्वरक (खाद) का 128 नमूना जांच के लिए लिया गया। इनमें से किसान खाद भंडार पामगढ़ और कश्यप कृषि केंद्र पिसौद से लिया गया उर्वरक का नमूना अमानक निकला। इसी तरह जिले में कीटनाशक दवाओं का 47 नमूना जांच के लिए लिया गया था। इनमें से भी 4 कीटनाशक दवा का सैंपल जांच में अमानक निकला। इनके सैंपल संगवारी कृषि केंद्र अकलतरा, राधे कृषि केंद्र बुंदेला, साहू कृषि केंद्र भंवतरा और कृष्णा कृषि केंद्र राहौद से लिए गए थे। रिपोर्ट प्राप्त होने पर कृषि विभाग के द्वारा उक्त अमानक कीटनाशक दवा के वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

# भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ

## मंत्रो उपचार एवं राम नाम के जयकारा के साथ की गयी झांकी की स्थापना

जांजगीर, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। भगत चौक पुरानी बस्ती जांजगीर में अखण्ड राम नाम सप्ताह का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से कीर्तन मण्डली के साथ सडक़ पारा, बरमंबावा मंदिर, कहरा पारा होते हुए भगवती देवी दाई मंदिर भीमा तालाब पहुंची। यज्ञ के लिए लगभग 250 से अधिक महिलाओं, युवती व छोटे-छोटे बालिकाओं ने अपने सिर में कलश ऊठा भजन, कीर्तन के साथ-साथ चल रही थी। कलश यात्रा के सामने में भगत चौक कीर्तन मण्डली द्वारा राम नाम की भजन गाया जा रहा था। वहीं पीछे-पीछे कलश यात्रा





चल रही थी। कलश यात्रा भीमा तालाब के घाट पहुंचा जहां वरूण कलश का पूजा-अर्चना उपरांत कलश यात्रा संकीर्तन पुन: बरमबावा मंदिर, सड़क पारा होते यज्ञ स्थल पहुंची। सैकड़ो की संख्या में सिर पर कलश उठाये महिलाओं एवं छोटे-छोटे बालिकाओं के देखने के लिए बस्तीवासियों की भीड़ लग गयी थी, पूरा पुरानी बस्ती भक्तीमय हो गया था। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय स्थित पुरानी बस्ती भगत चौक वार्ड क्र. 11 में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन लगातार 61 वर्ष से किया जा रहा है। प्रतिवर्ष वर्ष की भांति इस वर्ष भी 100 साल से अधिक विशाल वट वृक्ष के नीचे चबूतरे में 62 वें वर्ष में राम नाम सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ देव आवाह्न, स्थापना पूजा एवं स्वास्ति वाचन के साथ देव मूर्तियों की झांकी स्थापना के साथ हुआ। वही भगत चौक के आचार्य पं. रामबिलास उपाध्याय एवं उपाध्याय परिवार द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना करा राम नाम की जयकारा लगवाते हुए अखण्ड नाम सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ कराया गया। तत्पश्चात पूरे भगत चौक मोहल्लावासियों द्वारा राम नाम का जाप प्रारंभ हुआ। राम नाम का जाप पूरे सात दिन और सात रात लगातार किया जावेगा। साथ ही जिले व अन्य जिलों के सैकड़ो गांवो के कीर्तन मण्डली भी राम नाम सप्ताह यज्ञ में भाग लेने पहुंचेगें। कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के संस्थापकगण, संरक्षकगण, अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्षगण, कोषाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, प्रचार-प्रसार अध्यक्ष, व्यवस्थापक, मंच संचालन प्रभारी, पुजारीगण सहित भगत चौक के मोहल्लेवासी जुटे हुए है।

## युवाओं में भारी उत्साह

वर्षो से चली आ रही पम्परा को कायम रखने के लिए लगातार 61 वर्ष के भांति इस वर्ष भी 62 वें वर्ष में राम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष बुजूर्गो से ज्यादा युवा वर्गो में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ को लेकर ज्यादा उत्साह देखा जा रहा है। युवा की टोली इस वर्ष आयोजन शुभारंभ के महिने भर पहले से ही तैयारी में जुटे हुए थे। वहीं कलश यात्रा के दौरान युवाओं पीले एवं भगवा कलर के कपड़े में नजर आये। जिससे यह देखा जा सकता है, कि राम के नाम रंगने के लिए युवा वर्ग कितने उत्साहित है।

# पांच माह पूर्व लूट के फरार आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी नजीर अहमद उम्र 53 वर्ष निवासी निलियम कालोनी जांजगीर ने रिपोर्ट दर्ज कराया था की आनंद होटल के पीछे जांजगीर के पास 4 जून को सुबह 4 बजे के आस पास दो व्यक्ति प्रार्थी के स्कूटी को सामने से रोककर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुऐ प्रार्थी के जेब में रखे 5 हजार रुपये और मोबाइल फोन को लूट कर ले गए है। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज जांच की जा रही थी। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी की पहचान नवीन राठौर ऊर्फ नक्खा निवासी पुरानी बस्ती जांजगीर एवं एक अन्य के रूप में हुई जो आरोपी नवीन राठौर को घर में होने की जानकारी मिलने पर घेराबंदी कर पकड़ा जिसको पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने अन्य साथी के साथ मिलकर प्रार्थी से 5 हजार रुपये लूट करना अपना जुर्म स्वीकार किया व लूट की रकम आपस में बांट लेना व अपने हिस्से की रकम खा पीकर खतम कर देना बताया। प्रकरण का अन्य आरोपी फरार है जिसकी पातासाजी जारी है। आरोपी नवीन राठौर के मेमोरंडम कथन के आधार पर लूट के मोबाइल को बरामद किया गया है वही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया हैं।

# आचार संहिता के बीच जनप्रतिनिधि को बनाया मुख्य अतिथि

कोरबा, 23 नवंबर (देशबन्धु)। 23 नवम्बर को मितानिन दिवस पर पकरिया में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एक कांग्रेस के पदाधिकारी जो कि क्षेत्र का जनपद सदस्य भी है उसको मुख्य अतिथि बनाया गया।

ज्ञात हो कि जिले में 17 नवम्बर को विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुआ है जिसका नतीजा आगामी 3 दिसंबर को आना है। जब तक चुनाव का नतीजा नहीं आ जाता तब तक आचार संहिता लागू है। आचार संहिता के बीच किसी भी तरह का शासकीय आयोजन/मंचीय कार्यक्रम पर शासन द्वारा रोक लगाई गई है।



किंतु आज 23 नवम्बर को मितानिन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत पकरिया में मितानिन दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बरपाली के जनपद सदस्य राजकुमार खत्री उर्फ राजू खत्री को मुख्य अतिथि बनाया गया। राजू खत्री जनपद सदस्य होने के अलावा जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण में सचिव भी है। इस कार्यक्रम के संबंध में करतला बी एम ओ से जानकारी लेने पर उनके द्वारा मितानिन दिवस मनाने के संबंध में किसी भी तरह का आदेश जारी न करने की बात कही गई और न ही पंचायत या मितानिनों द्वारा कार्यक्रम आयोजन करने हेतु किसी प्रकार से कोई अनुमति ली गई है।

# जुआ खेलने वाले 14 गिरफ्तार

जांजगीर, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भड़ेसर में अलग अलग जगह से जुआ खेलने वाले 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल नगदी 24,580 रूपये एवं दो गड्डी ताश, बोरी फट्टी बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

पुलिस ने बताया कि सूचना मिली की पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम भड़ेसर नाला तरफ अलग अलग जगह में कुछ लोग रुपए पैसा का दांव लगाकर तास पत्ती से हार जीत नामक, काट पत्ती जुआ खेल रहे है की सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया मौके पर आरोपी शत्रुघ्न धीवर निवासी धनेली, रघुनंदन धीवर निवासी धनेली, संदीप बरेठ निवासी भडेसर, आकाश साहू निवासी सेमरा, घनश्याम वैष्णव निवासी सेमरा, राहुल सिंह निवासी सेमरा, ईश्वर यादव निवासी भडेसर, श्रीकांत राठौर निवासी धनेली, जगदेव सूर्यवंशी निवासी धनेली, शिवकुमार देवांगन निवासी खोखरा, मनीष यादव निवासी भडेसर,आकाश साहू निवासी भडेसर, राधेश्याम कस्यप निवासी कूटरा, संजय यादव निवासी सेमरा को तास पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेलते पाया गया।

# रिश्तेदार के साथ मिलकर प्रेमी की हत्या, आजीवन कारावास

जांजगीर, 23 नवम्बर (देशबन्धु)। रिश्तेदार के साथ मिलकर प्रेमी की टांगी मारकर हत्या करने वाली प्रेमिका व उसके रिश्तेदार को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुरेश जून ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और एक लाख रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन के अनुसार बलौदा थाने में भीम प्रसाद देवांगन ने फरवरी 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजेश देवांगन की हत्या धारदार हथियार से कर दी गई है। पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की और पूछताछ के आधार पर ग्राम कोरबी धतुरा थाना कुसमुंडा जिला कोरबा




निवासी रथराम पिता बिसऊराम कुर्रे और ग्राम भिलाई थाना बलौदा निवासी रेशमा पति भूपेंद्र खुंटे को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में रेशमा खूंटे ने बताया कि उसका राजेश देवांगन के साथ अवैध संबंध था। राजेश उसे बार-बार मिलने के लिए बुलाता था। मना करने पर इस संबंध की जानकारी उसके घरवालों को देने की धमकी देता था। इससे परेशान होकर अपने रिश्तेदार रथराम कुर्रे के साथ मिलकर राजेश देवांगन की हत्या की योजना बनाई। 15 फरवरी 2022 को भिलाई के पगडंडी रास्ते में राजेश देवांगन को रेशमा खूंटे ने बुलाया। जैसे ही वह वहां पहुंचा रथराम कुर्रे ने टांगी से राजेश देवांगन के सिर, गला व चेहरे पर वारकर उसकी हत्या कर दी। फिर दोनों मिलकर राजेश के शव को पैरा से ढककर छिपा दिए। पुलिस ने रेशमा खूंटे से खून से सने साड़ी जब्त की। वहीं रथराम कुर्रे के बताए अनुसार मुड़ा तालाब भिलाई से टांगी बरामद किया। पुलिस ने रेशमा खूंटे और रथराम कुर्रे को 4 अप्रैल 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। मामले की सुनवाई करते हुए प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुरेश जून ने राजेश देवांगन की हत्या के लिए रेशमा खूंटे और रथराम कुर्रे को दोषी करार दिया और उन्हें धारा 302 के लिए आजीवन कारावास और एक लाख रूपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड नहीं पटाने पर एक वर्ष का साधारण कारावास भुगताए जाने का आदेश दिया है। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक राजेश पांडेय ने पैरवी की ।

## सार-संक्षेप

### अनियंत्रित ट्रेलर नाले में घुसी, चालक घायल



कोरबा, 23 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर नाले में जा घुसी। इस हादसे में ट्रेलर चालक को काफी चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि एक खाली ट्रेलर कोरबा अंचल के सिलियरी से गेवरा की तरफ आ रही थी, तभी पाली थाना मार्ग स्थित मुख्य मार्ग के पास 3 बजे के आसपास अनियंत्रित होकर सडक़ के बीचों-बीच डिवाडर को टक्कर मारते हुए सडक़ किनारे पेड़ में जा टकराई, जिसके बाद नाले में जा घुसी। इस हादसे में बाइक सवार और राहगीर बाल-बाल बचे हैं, नहीं तो कोई बड़ी दुर्घटना के घटने से इंकार नहीं किया जा सकता था।

### हाथियों के भय से धान खरीदी उपकेंद्र सहसपानी में नहीं हुई धान की बोहनी

**सारंगढ** 23 नवंबर (देशबन्धु)। सरकार द्वारा किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए सारंगढ़ अंतर्गत धान खरीदी केंद्र कटेली के उपकेंद्र सहसपानी की स्थापना की गई है। पर एक नवंबर से धान की खरीद शुरू की जानी थी ।लेकिन हाथियों के उत्पादन के डर एवं नुकसान की भय से आज तक खरीदी केंद्र का बोहनि नहीं हुआ है। किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है किसान इधर-उधर भटक रहे हैं और भारी चिंतित नजर आ रहे हैं हाथियों के आतंक की सूचना सहायक प्रबंधक फुल सिंह रात्रे के द्वारा जिला विपणन अधिकारी सारंगढ़ व बैंक को भी सूचना दी गई है परन्तु 23 दिन बीत जाने के बाद भी उपार्जन केंद्र सहसपानी मे धान की खरीदी शुरू नहीं हो सकी है।

### नोडल अधिकारी ने धान खरीदी केन्द्रों में भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा, कर्मचारियों में आक्रोश

**सक्ती** 23 नवंबर (देशबन्धु)। सक्ती जिले में धान उपार्जन केन्द्र धान खरीदी केन्द्रो में प्रभारी नियुक्ति में सौ - सौ चुहे खा कर बिल्ली हज को चली कहावत चरितार्थ होते देखा जा रहा है,बहुचर्चित नोडल अधिकारी अश्वनी पान्डेय द्वारा गत वर्षो की भांति जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों को मोटे रकम देने के सब्जबाग दिखा कर लाखों रुपये वसुली कर नियम कायदे को बला ए ताक में रखकर प्रभारी नियुक्ति किये जाने से स्थानीय कर्मचारियों में रोष ब्याप्त है।

ज्ञात हो कि आमापली,पिरदा सहित दर्जनों अनेक सेवा सहकारी समितियों में पर्याप्त कर्मचारियों के होते हुए भी 20-25 किलोमीटर दूर के कर्मचारी को प्रभारी नियुक्त कर धान खरीदी केन्द्रो में भ्रष्टाचार को बढावा दिया जा रहा है, नीचे से ऊपर तक अधिकारियों कर्मचारियों का रिश्वतखोरी में भागीदारी होने के चलते 2022 -2023 के बारदाना के लाखों रुपये बकाया वालों से वसुली करने के बजाय जिम्मेदार आंखों में पट्टी बांध कर पुन: मलाई दार पदों में बिठाकर छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण धान खरीदी में भ्रष्टाचारियों को उपकृत कर भ्रष्टाचार को महिमामंडित किया जा रहा है 7 जिसमें जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अमर्यादित कर्मचारी खाद्य विभाग उप पंजीयक सहित जिले के जिम्मेदार प्रशासनिक अमला सहित छुटभैये अश्वनी पान्डेय

माध्यम से लाखों रुपये की अवैध कमाई कर नोडल के ऊंगलियों के इसारे में सुर ताल मिलाकर कठपुतली की नाच कर हर साल विपुल धान उत्पादन जिला जाँजगीर सक्ती में करोड़ों का गोलमाल बदस्तूर जारी है।

### रायगढ़ में आयोजित मतगणना प्रशिक्षण में शामिल हुई सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की मतगणना टीम

**सारंगढ़** 23 नवंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित मतगणना प्रशिक्षण में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के मतगणना अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए, जिनमें अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, परियोजना निदेशक पंचायत (डीआरडीए) हरिशंकर चौहान, कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर, डीएसपी मनीष कुंवर, अ.वि.अ. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कमल कंवर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार, आयुष तिवारी, कमलेश सिदार, कोमल साहू, शनिकुमार पैंकरा, बंदेराम भगत, अरपन कुर्रे, देवराज सिदार, रूपाली मेश्राम, मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी, एस.आर. अजय, थानेश्वर प्रसाद चन्द्रा, जे.आर. बंजारे, कुंजबिहारी गहरे, अमिता गुप्ता, सोमा सिंह ठाकुर, कुणाल कुमार सरवैया, आशुतोष श्रीवास्तव, जमुना सिंह वारे आदि प्रमुख हैं।

### सट्टा-पट्टी लिख रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**मनेंद्रगढ़** 23 नवंबर (देशबन्धु)। सिटी कोतवाली पुलिस ने सट्टा पट्टी और नगद के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया ।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर निरीक्षक कुमारी चंद्राकर को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम पिपरिया में एक व्यक्ति सट्टा पट्टी काट रहा है ।मुखबिर के बताए स्थान में नगर निरीक्षक स्टाप के साथ पहुंची जहा पर बिंदेश्वर प्रसाद पनिका द्वारा सट्टा पट्टी का खेल खिलाया जा रहा था ।पुलिस ने आरोपी के बिंदेश्वर प्रसाद पनिका के पास सट्टा पट्टी के साथ नगद सात हजार चार सौ पचास रुपए जप्त कर थाना लाकर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्यवाई किया गया। संपूर्ण कार्यवाही में नगर निरीक्षक कुमारी चंद्राकर सहायक उप निरीक्षक किशन चौहान,प्रधान आरक्षक हितेश्वर राजवाड़े महिला आरक्षक बिनको एक्का,आरक्षक उत्तम कश्यप,अरविंद मिश्रा रहे।

### सप्तदेव मंदिर में बारस उत्सव आज

कोरबा, 23 नवंबर (देशबन्धु)। प्रतिवर्षांनुसार इस वर्ष भी श्री सप्तदेव मंदिर कोरबा में 24 नवंबर कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वादशी को खाटू नरेश श्री श्याम जी का 5186वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। विदित हो कि इस दिन खाटू धाम में विशाल मेला लगता है जिसमें देश भर से 20 लाख से अधिक लोग आते हैं।

इस अवसर पर इस दिन श्री सप्तदेव मंदिर में दोपहर 2 बजे से सायं 7 बजे तक श्रीमती लीना अग्रवाल एंड पार्टी कोरबा के द्वारा श्री श्याम जी का भव्य संगीतमय अखण्ड ज्योत पाठ किया जायेगा तत्पश्चात् भगवान को सायं 7 बजे 56 भोग लगाकर महाआरती की जायेगी एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। श्री सप्तदेव मंदिर परिवार ने समस्त भक्तजनों से आग्रह किया है कि इस दिन मंदिर सह-परिवार अधिक से अधिक की संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का पुण्य लाभ अर्जित करें।

# निगम के चले बुलडोजरः अवैध दुकान बाउंड्रीवाल और निर्माण किया जमींदोज



## तारबाहर चौक में ठेला,कबाड़ी और सिम्स के सामने से एंबुलेंस को भी हटाया

## श्रीकांत वर्मा मार्ग में बने अवैध दुकान,व्यापार विहार में अवैध बाउंड्रीवाल और महाराणा प्रताप चौक के अवैध निर्माण हटाया

**बिलासपुर,** 23 नवंबर ( देशबन्धु)। व्यापार विहार रोड पर खुलेआम चल रहे अवैध चखना सेंटर पर गुरुवार दोपहर नगर निगम का बुलडोजर चला। सेंटर पर कार्रवाई की भनक लगते ही वहां शराबखोरी कर रहे लोग भाग खड़े हुए। चखना सेंटर का पूरा पंडाल हटाने के साथ ही व्यापार विहार में 2 और जगहों पर निगम अमले ने कार्रवाई की।

नगर पालिक निगम बिलासपुर ने कमिश्नर कुणाल दुदावत के निर्देश पर आज शहर के कई अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। जिससे शहर के विभिन्न स्थान अतिक्रमण मुक्त हुए। निगम का अतिक्रमण दस्ता सबसे पहले श्रीकांत वर्मा मार्ग पहुंचा जहां फूटपाथ पर अवैध तरीके से छः दुकानों का निर्माण कर लिया गया था,उन छः दुकानों को निगम द्वारा तोड़ा गया। फिर व्यापार विहार एफसीआई गोदाम के पास एक निजी गोदाम के सामने बाउंड्रीवाल बनाकर रास्ता रोका गया था,जिसे निगम के तोड़ू दस्ते ने हटाया।

रामबाबू सोंथलिया व्यापार विहार स्मार्ट रोड पर तारबाहर के पास फुटपाथ पर चल रहे कई कबाड़ियों पर भी कार्रवाई की गई। लोगों ने शिकायत की थी कि रोड पर कबाड़ियों का कारोबार चलने से ट्रैफिक जाम होता है, जिससे लोगों को आने-जाने में लगातार परेशानी होती है। कबाड़ियों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने सारा कबाड़ फुटपाथ और रोड पर फैला रखा था।

नगर निगम द्वारा महाराणा प्रताप चौक के पास अवैध निर्माण को भी हटाया गया जहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता था। सिम्स के सामने अवैध रूप से एंबुलेंस खड़ी कर रास्ते को जाम करने वाले एंबुलेंस चालकों को समझाइश देते हुए मार्ग से एंबुलेंस को हटाया गया। साथ ही सिम्स चौक के पास सड़क पर अवैध रूप से कपड़ा दुकान लगाने वाले व्यापारियों को भी खदेड़ा गया।

नगर निगम के अतिक्रमण शाखा ने तारबाहर चौक के पास फूटपाथ में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे फास्ट फूड के ठेले को भी हटाया इसके अलावा एक कबाड़ दुकान के ऊपर कार्रवाई करते हुए सामान को जब्त किया गया है । ज्ञात है की नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत द्वारा अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ सतत रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है जिससे आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### व्यापार विहार से अवैध निर्माण हटाए जाएंगे

व्यापार विहार जोन की कमिश्नर विभा सिंह ने बताया कि व्यापार विहार में अवैध चखना सेंटर सहित अवैध शेड और बाउंड्रीवॉल को हटाने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत के निर्देश पर की गई। उन्होंने कहा कि व्यापार विहार शहर का सबसे बड़ा व्यापारिक केंद्र है। चखना सेंटर के सामने ही अस्पताल है। वहीं पास पड़ोस में रहने वाले नागरिकों ने अवैध चखना सेंटर चलने की शिकायत की, जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई। लोगों ने तारबाहर के पास फुटपाथ पर कबाड़ियों का कारोबार चलने की भी शिकायत की थी। निगम ने इसे भी हटा दिया। जोन कमिश्नर ने कहा कि व्यापार विहार में अवैध निर्माण और बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई लगातार की जाएगी।

# क्लोनिंग से पैदा हुई दीपआशा का होगा डीएनए टेस्ट अब पता चलेगा वास्तव में वनभैंसा है या मुर्रा भैंस



**बिलासपुर,** 23 नवंबर ( देशबन्धु)। कई शिकायतों और पत्राचार के बाद क्लोनिंग से पैदा हुई दीपआशा का अब जाकर डीएनए्र टेस्ट होगा। इस टेस्ट से पता चलेगा की वास्तव में वह वनभैंसा है या मुर्रा भैंस। वन विभाग के अधिकारी तो उसे वनभैसा बताकर अभी तक करोड़ों रुपए फूंक चुकी है।

वन विभाग में बड़े बड़े कारनामें है। जंगल में हर साल अरबों रुपए फूंके जा रहे है लेकिन सिर्फ कागजों। योजनाओं और वन्यप्राणियों के नाम पर चल रहे भ्रष्टाचार की जानकारी केवल अधिकारियों को ही रहती है। कई मामलों में तो वन विभाग के अधिकारी विभागीय मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों की आंखों में भी आसानी से धूल झोंक लेते है। अब विलुप्त हो चुकी वनभैसा का मामला ही लें लें। कई साल से अधिकारी वनभैसा को बचाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रहे है। वनभैसा का क्लोनिंग कराने के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर चुके है। मुर्रा भैंस की क्लोनिंग कराके सबको वनभैसा बताया जा रहा है। 9 साल पहले 12 दिसंबर 2014 को क्लोनिंग से पैदा हुई दीपआशा के बारे में अभी तक यह पता नहीं लग पाया है कि वह वन भैंसा है या मुर्रा भैंस ? दर्जनों शिकायतों और पत्राचार के बाद अब वन विभाग के अधिकारियों की पोल खुलने वाली है। क्योंकि अब वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया के पास डीएनए सैंपल भेज कर पता लगाया जाएगा कि दीप आशा वन भैंसा है या मुर्रा भैंस।

**सिर्फ व्हीआईपी को ही दिखाते हैं, 5 साल से है बंधक**

अगस्त 2018 में रायपुर लाने के बाद दीपआशा सात परदे के पीछे कैद है वीवीआईपी के अलावा उसे कोई नहीं देख सकता। वन विभाग के अधिकारियों को मालूम है कि दीपआशा मुर्रा भैंस है अगर आधिकारिक रूप से घोषित हो जाए कि वह मुर्रा भैंस है, वन भैसा नहीं है, तो वन विभाग की बहुत बदनामी होगी क्योंकि करोडों खर्च कर जब वह पैदा हुई थी तो अंतर्राष्ट्रीय खबर बनवाई गई थी कि दुनिया में पहली बार छत्तीसगढ़ ने वन भैंसे की क्लोनिंग कराई। दीपआशा जिस बाड़े में रखी गई है उसकी लागत डेढ़ करोड़ बताई जाती है। बदनामी से बचने के लिए वन विभाग नहीं चाहता कि कोई टेस्ट ही जिससे पता चल जाये कि दीपआशा वन भैंसा नहीं है।

**2 साल पहले हैदराबाद भेजा गया था सैंपल, रिपोर्ट आज तक नही आई**

पैदा होने के 4 साल बाद जब दीपआशा मुर्रा भैंस दिखने लग गई तब अधिकारियों को होश आया कि डीएनए टेस्ट कर लेना चाहिए। निर्णय लिया गया कि सीसीएमबी हैदराबाद और वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट देहरादून को डीएनए टेस्ट के लिए सैंपल भेजना चाहिए। परन्तु सैंपल सिर्फ सीसीएमबी हैदराबाद भेजा गया। जहां से आज तक रिपोर्ट नहीं आई है और ना ही अधिकारियों ने रिपोर्ट लाने में रुचि दिखाई। सिंघवी ने आरोप लगाया कि वन विभाग ने जानबूझ कर रिपोर्ट रुका रखी है, जब कि असम से 2020 में जब वन भैंसें लाने थे तो 10 दिन में सीसीएमबी हैदराबाद डीएनए टेस्ट करा लिया गया था, 2023 में भी असम से वन भैंसा लाते समय भी 10 दिनों में वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया से डीएनए टेस्ट करवा लिया।

# पश्चिमी विक्षोभ ने बदला मौसम,आसमान में नजर आएंगे हल्के बादल,कहीं हल्की बारिश

**बिलासपुर,** 23 नवंबर ( देशबन्धु)। ठंड का असर बढ़ते ही मौसम में फिर परिवर्तन के संकेत है। एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ का सामना होने वाला है। जिस वजह से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। आसमान में हल्के बादल नजर आ सकते हैं। बिलासपुर में मौसम शुष्क बना रहेगा।

न्यायधानी में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। कभी ठंडी तो कभी हल्की गर्मी है। हालांकि अच्छी बात यह है कि अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास है वहीं रात में पारा 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। इसके कारण वातावरण में नमी बनी हुई है। मौसम वेधशाला के विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोंभ मध्य क्षोभमंडल में 55 डिग्री पूर्व व 30 डिग्री उत्तर में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है।

इसके प्रभाव से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ रही है। परिणाम स्वरूप 23 नवंबर को न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के चरम दक्षिण (बस्तर संभाग के) एक, दो जिलों में व एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। प्रदेश के शेष हिस्सों में मौसम शुष्क करने की संभावना है। यानी बिलासपुर में वर्षा जैसी कोई स्थिति नहीं है।

### पांच दिनों तक बना रहेगा उतार-चढ़ाव

मौसम विभाग की मानें तो एक पश्चिमी विक्षोभ 25 नवंबर को उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। इसके कारण अगले चार-पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने के आसार नहीं हैं। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की उतार-चढ़ाव की स्थिति बने रहने की संभावना है। इधर रात में ठंड महसूस होने के कारण घरों में पंखा, एसी



और कूलर बंद हो चुके हैं। सुबह सैर करने वालों की भीड़ जुटने लगी है।

### पारा सामान्य से दो डिग्री ज्यादा

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार कई जिलों में पिछले तीस वर्षों के औसत तापमान में अधिकतम तापमान दो डिग्री तक ज्यादा चल रहा है। इसमें पेंड्रा रोड, अंबिकापुर व दुर्ग में दो डिग्री से ज्यादा, जबकि जगदलपुर और रायपुर में तापमान औसत से एक डिग्री तक अधिक दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान के अलावा न्यूनतम तापमान भी औसत से अधिक चल रहा है। इसमें जगदलपुर का न्यूनतम तापमान औसत से छह डिग्री तक ज्यादा है। वहीं, राजधानी में तीन डिग्री, पेंड्रा रोड में दो डिग्री, जबकि अंबिकापुर, राजनांदगांव व बिलासपुर में औसत न्यूनतम तापमान एक डिग्री अधिक चल रहा है।

### बस्तर संभाग में अगले 24 घंटे में हल्की बारिश होने की संभावना

पश्चिमी विक्षोभ के असर से नमी आ रही है। इसके कारण बस्तर संभाग में अगले 24 घंटों के दौरान हल्की बारिश की संभावनाएं बन गई हैं। यही नहीं, नमी बढ़ने से प्रदेश के बड़े हिस्से में रात की ठंड गयब हो गई है। बस्तर, रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के बड़े हिस्से में रात और दिन, दोनों तापमान सामान्य से तीन-तीन डिग्री तक ऊपर चल रहे हैं। मौसम विभाग से जारी रिपोर्ट के अनुसार पश्चिम विक्षोभ से नमी आने का सिलसिला गुरुवार तक जारी रहेगा।

मौसम केंद्र का अनुमान है कि बस्तर संभाग में अगले 24 घंटे में हल्की बारिश होने की संभावना है। बता दें कि बस्तर, रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग में तापमान सामान्य रहा। वहीं, सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 13.4 डिग्री दर्ज हुआ।

### गर्म कपड़ों का बाजार सजा

ठंड की दस्तक के साथ ही राजधानी सहित प्रदेशभर में गर्म कपड़ों का बाजार सज गया है। हालांकि ठंड कम पड़ने की वजह से बाजारों में अभी भीड़ देखने को नहीं मिल रही है। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार दो दिनों बाद न्यूनतम व अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी। ऐसे में कुछ दिनों बाद गर्म कपड़ों के बाजार में रौनक देखने को मिल सकती है।



# हाईकोर्ट की फटकार के बाद बदला-बदला सा नजर आने लगा सिम्स

## साफ-सफाइ देख लोग हो रहे अचंभित

**बिलासपुर,** 23 नवंबर ( देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स की व्यवस्था में अब सुधार आने लगा है। खासतौर के परिसर और भवन में सफाइ दिखने लगी है। एक महिने पहले तक जगह-जगह कचरा व गंदगी से पटे रहने वाले इस अस्पताल का कायापलट होने लगा है। आखिरकार हाईकोर्ट की फटकार और शासन स्तर के अधिकारियों की सतत निगरानी ने रंग लाया है। साथ ही वार्ड और परिसर भी में स्तरीय सफाइ दिखने लगी है। व्यवस्था सुधारने के पहले चरण में इस अस्पताल के ड्रेनेज सिस्टम को सही करने के साथ जगह-जगह फैले कबाड़ को बाहर कर सफाइ व्यवस्था को पटरी में लाया जा चुका है।

सिम्स बिलासपुर संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल है, लेकिन यहां की अव्यवस्था के चलते इलाज के लिए पहुंचने वाले लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अधिकारियों के उदासीन रवैये की वजह से अस्पताल में आए दिन मरीजों को उपचार से वंचित होना पड़ता था। मरीजों को शासन की ओर से संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ से वंचित होना पड़ता था। इसके साथ ही मरीजों के साथ दुर्व्यहार किया जाना, गोली-दवाओं का न मिलना, चारों ओर गंदगी फैले होना जैसी समस्याएं सालों से बनी हुइ थी।

इन्हीं अव्यवस्थाओं के बीच ही सिम्स का संचालन होता रहा है। सिम्स की इन्हीं समस्याओं को हाईकोर्ट ने संज्ञान में लिया और शासन को निर्देश दिया कि सिम्स की व्यवस्था जल्द सही किया जाए। ताकि यहां पहुंचने वाले मरीजों को स्तरीय सुविधाओं के बीच इलाज मिल सके। इस निर्देश के बाद ही स्वास्थ्य संचानालय के अधिकारियों के साथ आइएएस स्तर के आला अधिकारियों ने सिम्स की व्यवस्था सुधारने का जिम्मा उठाया है। इसके तहत शासन की ओर से सिम्स के ओएसडी स्वास्थ्य सचिव पी दयानंद को नियुक्त की गई।

आइएएस आर प्रसन्ना के साथ ही हाईकोर्ट की विशेष टीम ने सिम्स की बारीकी से



निरीक्षण किया और तमाम कमियों को सामने रखा गया। निरिक्षण कर जानकारी दी गइ कि सिम्स में चोरों ओर व्याप्त अव्यवस्था है। जिसे बारी-बारी से खत्म किया जा सकता है। इसी के तहत सबसे पहले सिम्स की गंदगी दूर करने के साथ ड्रेनेज सिस्टम सही करने के निर्देश सिम्स प्रबंधन को दिया गया। और निर्देश दिया गया कि 15 दिन के भीतर यह काम होना चाहिए। इसी का नतीजा है कि सिम्स में साफ सफाइ चाकचौबंद हो गया है। यहां पहुंचने वाले भी नइ व्यवस्था और सफाइ को देखते हुए अंचभित हो रहे हैं। कम से कम अब हाईकोट के निर्देश का असर सिम्स में नजर आ रहा है, जिसका फायदा भी मरीजों को मिलने लगा है।

### अधिकारी कर रहे सतत निगरानी

सिम्स को पटरी में लाने के लिए शासन स्तर के अधिकारी हर कार्यों की सतत निगरानी कर रहे हैं। यही वजह है कि अधिकारी हर तीन से चार दिन में सिम्स पहुंचकर निरिक्षण कर कार्यों का अवलोकन कर रहे हैं। ऐसे में कार्यो में लापरवाही की गुंजाइश न के बराबर है। अधिकारियों के निगरानी का अब सिम्स में अच्छा असर देखने को मिल रहा है।

### खराब पड़े टायलेट की जा रही सफाइ

सिम्स में कुल 520 टायलेट है, जिनमें अनेक प्रकार की कमियां बनी हुइ है। किन्हीं शौचालय में कुंडी नहीं है तो किसी का दरवाजा टूटा हुआ है। टायलेट की अंदर के नल आदि में लीकेज है। सेप्टिक सिस्टम भी सही नहीं होने से शौचालय के चोक होने की समस्या होती थी। इसके चलते बदबू और गंदगी का सामना गरीबों को करना पड़ता था। ऐसे में अब इन शौचालयों को ठीक कराया जा रहा है। फिर से खराब पड़ें शौचालयों की मरम्मत कराइ जा रही है।

### पोताइ के साथ टाइल्स भी बदले जा रहें

सिम्स के अस्पताल भवन और उसके गलियारे में पान गुटखा के पिक सहित सीपेज की वजह से अधिकतर दीवारें बदरंग हो चुकी है। ऐसे में दिवारों की पोताइ की जा रही है। साथ ही दीवारों से उखड़े टाइल्स को बदलकर उन जगहों में नइ टाइल्स फिर से लगाया जा रहा है। जिससे अस्पताल के अंदरुनी भवन भी सुंदरता आने लगा है।

# आज छोटी दिवाली के रुप में धूमधाम से मनाई गई देवउठनी एकादशी

**बिलासपुर,** 23 नवंबर ( देशबन्धु)। आज देवउठनी एकादशी प्रदेशभर में धूमधाम से मनाई जा रही है। भगवान विष्णु चार माह के कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी यानी देवउठनी एकादशी के दिन योग निद्रा से जागते हैं। भगवान विष्णु के योग निद्रा से जागने के बाद ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है। कार्तिक मास की एकादशी पर आज भगवान विष्णु के स्वरूप शालिग्राम का विवाह देवी वृंदा (तुलसी) से कराया जाएगा। इसके लिए गन्ने से घरों में मंडप बनाया जाता है। इस दिन गन्ने की मांग काफी बढ़ जाती है मांग के



अनुसार गन्ने दोगुनी कीमतों पर बिकती है।

शहर में इस बार गन्ना 50 रुपए से लेकर 120 रुपए जोड़ी तक मिल रहा है। यह एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित रहता है। पूरे विधि विधान से भगवान विष्णु की पूजा की जाती है. बताया जाता है कि एकादशी व्रत से विष्णु की विशेष कृपा और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। शहर के बाजारों में गन्ने का बाजार सजकर तैयार है. बाजार में गन्ने के साथ, शकरकंद, बेर, चना भाजी, सिंघाड़ा, गेंदा के फूल, आंवला, जैसे कई पूजन समाग्री के लिए बाजार सजा हुआ है जहां पर लोगों की काफी भीड़ दिख रही है। वहीं शहर में कहीं-कहीं जाम की स्थिति बनी हुई है।

# छेड़खानी करने वाला आरोपी जीजा गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 23 नवंबर ( देशबन्धु)। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 22 नवंबर को पीड़िता द्वारा थाना तोरवा में उसके जीजा संजीव कुमार यादव उर्फ बबला द्वारा छेडखानी करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी रिपोर्ट पर थाना तोरवा में अपराध क्रमांक 606 / 2023 धारा 354, 354 क भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह(मापुसे), अति0 पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्रीमति पूजा कुमार को अवगत कराया गया जिनके द्वारा तत्काल आरोपी की धरपकड करने के निर्देश प्राप्त हुये, जिसके परिपालन में थाना प्रभारी तोरवा श्रीमती कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में टीम तैयार कर आरोपी की लगातार पता तलाश महज 05 घंटो के भीतर आरोपी संजीव कुमार यादव को पकडा गया, जिससे पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से विधिवत् गिरफतार किया गया है जिसे न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर, सउनि मनोरमा तिवारी, आरक्षक यशपाल टंडन, उदय पाटले का विशेष योगदान रहा ।

**NECC**

| 24.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 530 | 83 | 150 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |

डिलीवरी 545 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188